**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

**THE TRIBUNE**

# JC BOSE VARSITY, BELZ SIGN MoU



**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, will soon extend its consultancy services to the industry for calibration of electrical instruments. The university on Sunday signed an MoU with Belz Instruments Private Limited to impart training to students and faculty members. The MoU was signed by chairperson of electrical engineering Poonam Singhal from JC Bose University and managing director of Belz Instruments AK Nehra in the presence of Vice Chancellor Dinesh Kumar. The VC said the tie-up would help the university in its capacity-building process in terms of acquiring skill and calibration training to fetch consultancy projects in the related field.

The Tribune Mon, 10 February 2020
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

## भारत विकास परिषद् का प्रांतीय महिला सम्मेलन - 'स्वयंसिद्धा' आयोजित

# मौका मिले तो खुद को साबित कर सकती हैं बेटियां: सांसद सुनीता दुग्गल




भारतीय विकास परिषद् द्वारा सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए गणमान्य।

बल्लभगढ़, 9 फरवरी (संदीप पराशर) : लोकसभा सांसद सुनीता दुग्गल ने भारत विकास परिषद् के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि परिषद् संपर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार और समर्पण के विविध प्रकल्पों को लेकर देश के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ कार्य करती आ रही है, जोकि प्रशंसनीय और प्रेरणादायक है। भाजपा की दिवंगत नेत्री श्रीमती सुषमा स्वराज और वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन को महिला सशिक्तकरण की मिसाल बताते हुए श्रीमती दुग्गल ने कहा कि भाजपा सरकार ने बजट में महिला सशिक्तकरण एवं बालिका शिक्षा को लेकर सार्थक कदम उठाएं है और बेटियों को आगे बढ़ने में सहयोग के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों ने साबित किया है कि यदि उनको मौका मिले तो वे स्वयं को सिद्ध करने में सक्षम है। समाज को दिशा प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरू बनाना है तो महिलाओं को भी आगे आना होगा। उक्त बातें आज उन्होंनें भारत विकास परिषद् की फरीदाबाद शाखा द्वारा जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा दक्षिण प्रांतीय द्वारा विश्वविद्यालय प्रांगण में प्रांतीय महिला सम्मेलन - 'स्वयंसिद्धा' का आयोजन के दौरान कही। जिसमें परिषद् की हरियाणा कुल 38 शाखाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन में सिरसा से लोकसभा सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सम्मेलन में विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग के अलावा संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेमचंद गोयल, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री विनीत गर्ग, दक्षिण प्रांतीय इकाई के अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल, फरीदाबाद शाखा के अध्यक्ष एस.आर मित्तल, डॉ. रंजना अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, डॉ. सोनिया बंसल के अलावा विभिन्न शाखाओं की महिला पदाधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रचारक प्रेमचंद गोयल ने सभी प्रांतों की विभिन्न इकाईयों से जुड़ी महिलाओं को सेवा, संस्कार, स्वावलंबन व सामाजिक विकास कार्यों में योगदान की अपील की। उन्होंने समाज में जरूरतमंदों की सेवा और युवाओं में संस्कार, राष्ट्र व समाज के विकास पर भी चर्चा की।

भारतीय विकास परिषद् द्वारा किये जा रहे कार्यों का विवरण रखते हुए विनीत गर्ग ने बताया कि परिषद् की देशभर में लगभग 1400 से शाखाएं चल रही है, जिससे 70 हजार परिवार जुडकर सेवा और संस्कार की भावना से कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद शाखा के साथ 600 से ज्यादा सिक्रय सदस्य कार्य कर रहे है।

दैनिक सवेरा TV

Mon, 10 February 2020
epaper.dainiksaveratimes.org/c/48847860

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस इलेक्ट्रिकल उपकरणों की जांच के लिए देगा परामर्श सेवाएं

## विश्वविद्यालय ने बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ किया समझौता

फरीदाबाद, 5 फरवरी (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद जल्द ही विद्युत उपकरणों की जांच के लिए अपनी परामर्श सेवाओं का विस्तार करेगा। विश्वविद्यालय ने उपकरणों की जांच के लिए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ समझौता किया है।

समझौते पर जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के प्रबंध निदेशक एके नेहरा ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल, निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य उपस्थित थे। औद्योगिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, कुलपति प्रो। दिनेश कुमार ने कहा कि बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के साथ समझौता विश्वविद्यालय को संबंधित क्षेत्र में परामर्शी परियोजनाओं के दृष्टिगत जरूरी कौशल और उपकरण जांच प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को फरीदाबाद की औद्योगिक टाउनशिप के केंद्र में होने का रणनीतिक लाभ है, जिस कारण उद्योगों से कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट हासिल करने की बहुत संभावनाएं है। इसलिए, विश्वविद्यालय इस दिशा में काम कर रहा है ताकि ऐसी औद्योगिक सहभागिता को बढ़ावा देकर इन अवसरों का लाभ उठाया जा सके।

एके नेहरा ने कहा कि उनकी कंपनी को आईएसओ और आईईसी 17025 तथा भारत में प्रयोगशालाओं को मान्यता देने का स्वायत निकाय नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) के अनुरूप कैलिब्रेशन ट्रेनिंग और कंसल्टेंसी में विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने कहा कि समझौते के तहत, कंपनी विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों को इंस्ट्रूमेंट कैलिब्रेशन (उपकरणों की जांच) के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने और उन्हें औद्योगिक परियोजनाओं या कंसल्टेंसी गतिविधियों पर काम करने में सक्षम बनाने के लिए कंपनी प्रशिक्षण कार्यक्रम और तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित करेगी।



*व्याख्यान के उपरांत समूह चित्र में डॉ. नीर कंवल मानी के साथ एम.ए. (अंग्रेजी) के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी।(छाया: एस शर्मा)*

## यूरोपीय विजुअल आर्ट्स पर हुआ व्याख्यान

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के लिबरल आर्ट्स और मीडिया स्टडीज संकाय ने एमए (अंग्रेजी) कार्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए यूरोप में विजुअल आर्ट्स पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट कालेज, फरीदाबाद की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीर कंवल मानी विशेषज्ञ वक्ता रही।

एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) और बीएससी (एनिमेशन व मल्टी मीडिया) के विद्यार्थियो ने भी व्याख्यान का लाभ उठाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रसिद्ध भाषाविद् प्रो. आरसी शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दिव्य ज्योति सिंह द्वारा द्वारा किया गया था, जिसका समन्वयन डॉ. रीना ग्रेवाल द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय विजुअल आर्ट्स को विश्वविद्यालय में एक वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।

व्याख्यान में पुरातन से लेकर उत्तराधुनिकतावादी कला के बारे में बताया गया, जिसमें गुफाओं के चित्रों के माध्यम से यूरोपीय कला से लेकर पिकासो कलाकृतियां शामिल रही। व्याख्यान विभिन्न संस्कृतियों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श तथा सदियों से कला के बदलते अर्थ और परिभाषा से संबंधित था। डॉ. नीर कंवल मानी ने अपने व्यख्यान में समकालीन कविता और ग्राफिक उपन्यास लेखन जैसी समकालीन विधाओं का उल्लेख किया। व्याख्यान विद्यार्थियों द्वारा बखूबी सराहा गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 06 February 2020 https://epaper.punjabkesari.in/c/48724756

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

## THE PIONEER

# इलेक्ट्रिकल उपकरण जांच परामर्श देगा वाईएमसीए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जल्द ही विद्युत उपकरणों की जांच के लिए अपनी परामर्श सेवाओं का विस्तार करेगा। विश्वविद्यालय ने उपकरणों की जांच के लिए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ समझौता किया है।



समझौते पर जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के प्रबंध निदेशक एके नेहरा ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल, निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य उपस्थित थे। औद्योगिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के साथ समझौता विश्वविद्यालय को संबंधित क्षेत्र में परामर्शी परियोजनाओं के दृष्टिगत जरूरी कौशल और उपकरण जांच प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करेगा। एके नेहरा ने कहा कि उनकी कंपनी को आईएसओ और आईईसी 17025 तथा भारत में प्रयोगशालाओं को मान्यता देने का स्वायत्त निकाय नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) के अनुरूप कैलिब्रेशन ट्रेनिंग और कंसल्टेंसी में विशेषज्ञता हासिल है।

## यूरोपीय विजुअल आर्ट्स के गुर सीखे छात्रों ने

**फरीदाबाद**। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिबरल आर्ट्स और मीडिया स्टडीज संकाय ने एमए (अंग्रेजी) कार्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए यूरोप में विजुअल आर्ट्स पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) और बीएससी (एनिमेशन व मल्टी मीडिया) के विद्यार्थियों ने भी व्याख्यान का लाभ उठाया। पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट कालेजद की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीर कंवल वक्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रसिद्ध भाषाविद् प्रो. आरसी शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दिव्य ज्योति सिंह द्वारा द्वारा किया गया था, जिसका समन्वयन डॉ. रीना ग्रेवाल द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय विजुअल आर्ट्स को विश्वविद्यालय में एक वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# यूरोपीय विजुअल आर्ट्स के बारे में बताया



■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के लिबरल आर्ट्स व मीडिया स्टडीज विभाग की तरफ से छात्रों के लिए यूरोप में विजुअल पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद की असोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीर कंवल विशेषज्ञ वक्ता रहीं।

## NAVBHARAT TIMES

# बिजली उपकरणों की जानकारी देंगे

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी की तरफ से जल्द ही बिजली उपकरणों की जांच के लिए अपनी परामर्श सेवाओं को विस्तार दिया जाएगा। छात्रों व स्टाफ के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए एक निजी कंपनी ने यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग व वेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के प्रबंध निदेशक ए. के. नेहरा ने कुलपति दिनेश कुमार की उपस्थिति में एमओयू साइन किया।

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

**HINDUSTAN**

# ग्राफिक्स की जानकारी दी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिबरल आर्ट्स और मीडिया स्टडीज संकाय की ओर से एमए अंग्रेजी के छात्र-छात्राओं के लिए व्याख्यान का आयोजन हुआ। यूरोप में विजुअल आर्ट्स विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता नेहरू कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीर कंवल मानी समकालीन कविता, ग्राफिक्स और उपन्यास लेखन आदि की जानकारी दी। व्याख्यान में बतौर विशिष्ट अतिथि भाषाविद प्रो. आरसी शर्मा ने पुरातन से लेकर उत्तराधुनिकतावादी कला के बारे में जानकारी दी।

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

**HINDUSTAN**

# उपकरणों की जांच का प्रशिक्षण मिलेगा

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी वाईएमसीए में जल्द ही विद्युत उपकरणों की जांच के लिए प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय ने बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ समझौता किया है। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के प्रबंध निदेशक एके नेहरा ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए।

प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के साथ समझौते के बाद विश्वविद्यालय को संबंधित क्षेत्र में परामर्श से जुड़ी परियोजनाओं को पूरा करने और उपकरण जांच प्रशिक्षण में मदद मिलेगी।

एके नेहरा ने कहा कि समझौते के तहत कंपनी उपकरणों की जांच के लिए कौशल प्रदान करेगी। संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम और तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित होंगे।

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

**PUNJAB KESARI.COM**

# विद्यार्थियों ने यूरोपीय विजुअल आर्ट्स के बारे में जाना

- यूरोपीय विजुअल आर्ट्स पर हुआ व्याख्यान का आयोजन



**फरीदाबाद,** (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के लिबरल आर्ट्स और मीडिया स्टडीज संकाय ने आज एम.ए. (अंग्रेजी) कार्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए यूरोप ग विजुअल आर्ट्स पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट कालेज, फरीदाबाद की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीर कंवल मानी विशेषज्ञ वक्ता रही। एम.ए. (पत्रकारिता एवं जनसंचार) और बीएससी (एनिमेशन व मल्टी मीडिया) के विद्यार्थियों ने भी व्याख्यान का लाभ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रसिद्ध भाषाविद् प्रो. आर.सी. शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ दिव्यज्योति सिंह द्वारा द्वारा किया गया था, जिसका समन्वयन डॉ. रीना ग्रेवाल द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय विजुअल आर्ट्स को विश्वविद्यालय में एक वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। व्याख्यान में पुरातन से लेकर उत्तराधुनिकतावादी कला के बारे में बताया गया, जिसमें गुफाओं के चित्रों के माध्यम से यूरोपीय कला से लेकर पिकासो कलाकृतियां शामिल रही। व्याख्यान विभिन्न संस्कृतियों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श तथा सदियों से कला के बदलते अर्थ और परिभाषा पर से संबंधित था। डॉ. नीर कंवल मानी ने अपने व्यख्यान में समकालीन कविता और ग्राफिक उपन्यास लेखन जैसी समकालीन विधाओं का उल्लेख किया। व्याख्यान विद्यार्थियों द्वारा बखूबी सराहा गया।

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

## AMAR UJALA

# इलेक्ट्रिकल उपकरणों की जांच में परामर्श ले सकेंगे विद्यार्थी



जेसी बोस वाईएमसीए में समझौता करते कुलसचिव व एके नेहरा।

### जेसी बोस विश्वविद्यालय ने बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी से किया करार

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय जल्द ही विद्युत उपकरणों की जांच के लिए परामर्श सेवाएं शुरू करेगा। उपकरणों की जांच के लिए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ बुधवार को समझौता किया गया।

विवि के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के प्रबंध निदेशक एके नेहरा ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल, निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में परामर्शी परियोजनाओं के दृष्टिगत जरूरी कौशल और उपकरण जांच प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करेगा। औद्योगिक नगरी में उद्योगों से कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट हासिल करने की संभावनाएं बढ़ेंगी। एके नेहरा ने कहा कि उनकी कंपनी को आईएसओ और आईईसी 17025 और देश की प्रयोगशालाओं को मान्यता देने का स्वायत्त निकाय नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के अनुरूप कैलिब्रेशन ट्रेनिंग और कंसल्टेंसी में विशेषज्ञता हासिल है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# छात्रों को यूरोपीय विजुअल आर्ट्स की जानकारी दी

**फरीदाबाद** | जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने यूरोप में विजुअल आर्ट्स पर व्याख्यान का आयोजन किया। इस दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट कालेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीर कंवल वक्ता के रूप में मौजूद थीं। इसमें एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार और बीएससी एनिमेशन व मल्टी मीडिया के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने की। प्रो. आरसी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। यूरोपीय विजुअल आर्ट्स को विश्वविद्यालय में एक वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। इसमें गुफाओं के चित्रों के माध्यम से यूरोपीय कला से लेकर पिकासो की कलाकृतियां शामिल रहीं। व्याख्यान विभिन्न संस्कृतियों से संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श तथा सदियों से कला के बदलते अर्थ व परिभाषा पर से संबंधित था।

**NEWS CLIPPING: 06.02.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# इलेक्ट्रिकल उपकरणों की जांच के लिए यूनिवर्सिटी देगी परामर्श सेवाएं

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में जल्द ही विद्युत उपकरणों की जांच के लिए अपनी परामर्श सेवाओं का विस्तार करेगा। बुधवार को उपकरणों की जांच के लिए स्टूडेंट और संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी के साथ समझौता किया। इस पर जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डा. एसके गर्ग और बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के प्रबंध निदेशक एके नेहरा ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल, निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य मौजूद थे। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स के साथ समझौता यूनिवर्सिटी को संबंधित क्षेत्र में परामर्शी परियोजनाओं के दृष्टिगत जरूरी कौशल व उपकरण जांच प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करेगा।